पंजाब केसरी 20/03/2024

जी.एम.एन. कालेज में निकाली सामाजिक बुराइयों के खिलाफ जागरूकता रैली

जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाते प्राचार्य डा. रोहित दत्त। *(चंदमोहन)*

अम्बाला, 19 मार्च (बलराम): छावनी स्थित गांधी मैमोरियल नैशनल कालेज में प्राचार्य डा. रोहित दत्त की अध्यक्षता में राजनीतिक विज्ञान विभाग एवं ड्रॉप्स ऑफ चेंज के संयुक्त तत्वावधान में सामाजिक बुराइयों के खिलाफ जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली का मुख्य उद्देश्य समाज को सामाजिक बुराइयों के प्रति जागरूक करना रहा। रैली की शुरुआत प्राचार्य डा. रोहित दत्त द्वारा हरी झंडी दिखाकर की गई।

डा. दत्त ने कहा कि यह रैली एक महत्वपूर्ण कदम है, जो हमारे समाज में व्याप्त समस्याओं को सामने लाने और उनका समाधान करने की दिशा में महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि जी.एम.एन. कालेज सदैव आम जनता को बेहतर और समृद्ध समाज की दिशा में प्रेरित करने के लिए प्रयासरत रहता है। इस रैली के माध्यम से हमारा उद्देश्य समाज को समृद्ध, संबलित और समानता की भावना से युक्त बनाना है। रैली के संयोजक डा. राकेश कुमार ने बताया कि इस रैली में जातिवाद, लिंग भेदभाव, अशिक्षा सहित विभिन्न सामाजिक मुद्दों के बारे में जानकारी दी गई। रैली में राजनीतिक विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष एस.एस. नैन, डा. राकेश कुमार, डा. तृप्ति शर्मा और लवप्रीत सिंह आदि बड़ी संख्या में विद्यार्थी मौजूद रहे।